**विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय ), नागपुर की दिनांक 24/07/2026 को 138 वीं बैठक का आयोजन**

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय) , नागपुर की 138 वीं बैठक श्री पंकज कुलश्रेष्ठ ,महानियंत्रक की अध्यक्षता में महानियंत्रक महोदय के सभाकक्ष में दिनांक 24/07/2026 को अपराहन 4.00 बजे आयोजित की गई । अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से श्री बी . एल. गुर्जर , खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई । सर्वप्रथम राजभाषा अधिकारी ने समीक्षाधीन तिमाही ( अप्रैल -जून , 2026 ) के दौरान हिंदी से संबंधित किये गए महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी सभा को दी। कार्य -सूची के अनुसार बैठक में पिछली बैठक (137वीं) के कार्यवृत्त पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई एवं कार्यवृत्त की पुष्टि की गई । इसके पश्चात अप्रैल -जून , 2026 हेतु मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की गई। तत्पश्चात नराकास द्वारा मांगी जाने वाली अंशदान की स्वीकृति सम्बंधित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा ही दिया जाना, मुख्यालय में हिंदी कवि सम्मलेन का आयोजन, मुख्यालय द्वारा क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ हिंदी पत्राचार , नई विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन और पी. एफ. एम. एस. एवं ई. एच . आर. एम. एस. को द्विभाषी किये जाने आदि विषयों पर चर्चा की गई ।

अंत में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गई ।


भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर
विभागीय राजभाषा
कार्यान्वयन समिति की बैठक


भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर
विभागीय राजभाषा
कार्यान्वयन समिति की बैठक